कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.09.2023

हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्तगण 1-रौनक सिंह व 2-अश्वनी सिंह थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, घटना मे प्रयुक्त 01 अदद वाहन स्कॉर्पियो बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-399/2023 धारा 147,148,149,302,506 भादवि से संबंधित वांछित/नामजद अभियुक्तगण 01.रौनक सिंह पुत्र स्व0 अमित कुमार सिंह नि0-ग्रा0 व पो0 कमौली थाना चौबेपुर वाराणसी 02.अश्वनी सिंह पुत्र संतोष सिंह नि0-काजीहदकोट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर को आज दिनांक-15.09.2023 को समय करीब 5.30 बजे सिंहपुर अंडरपास से गिरफ्तार किया गया व घटना मे प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर हम लोगो व सौरभ यादव के मध्य काफी दिनो से विवाद चल रहा था इसी क्रम मे दिनांक-10/09/2023 को रात्रि में लगभग 11 बजे के करीब सुरभि होटल के आगे अभिषेक सिंह, नितिन सिहं व हम लोगो द्वारा स्कार्पियो से सौरभ यादव की गाड़ी को ओवरटेक कर, रुकवा करके सौरभ यादव को घेरकर डन्डे आदि से उसके सर पर मारा गया था तथा उसे मरा हुआ समझ कर, मौके से हम लोग भाग गये थे। हम लोगो को जानकारी मिली कि उस समय सौरभ की मृत्यु नहीं हुई थी और वह हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया था लेकिन हॉस्पिटल मे जब उसकी मृत्यु हो गयी तो हम लोग भागने की फिराक मे यहा पर वाहन का इंतजार कर रहे थे इसलिए आप लोगो को देखकर हम पकड़े जाने की डर से भाग रहे थे कि आप लोगो ने हमे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.रौनक सिंह पुत्र स्व0 अमित कुमार सिंह नि0-ग्रा0 व पो0 कमौली थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

02.अश्वनी सिंह पुत्र संतोष सिंह नि0-काजीहदकोट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर, उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- घटना में प्रयुक्त वाहन स्कार्पियो रजि0 सं0 UP 65 DZ 2324।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

1.प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह 2.उ0नि0 राम नगीना यादव 3.उ0नि0 दुर्गेश सिंह 4.हे0का0 हरिप्रकाश यादव 5.हे0का0 रामबाबू 6.हे0का0 रामानन्द यादव 7.का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह 8.का0 आलोक कुमार मौर्या 9.का0 मोहित मीणा व 10.चालक हे0का0 सुरेन्द्रनाथ सिंह यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।